Title: Demand to appoint the candidates belonging to OBC and SC&ST categories who has qualified the UPSC-1999 examinations as General category candidates.

श्री धर्म राज सिंह पटेल (फूलपुर) : अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से भारत सरकार से का ध्यान यूनियन पब्लिक सर्विस कमीशन की 1999 में हुई परीक्षाओं की ओर दिलाना चाहता हूं । इस र्वा 411 परीक्षार्थी पास हुए, जिनमें से पिछड़ी जाति के 43, अनुसूचित जाति के 16 और अनुसूचित जनजाति के 6 परीक्षार्थी जनरल मैरिट में पास हुए थे, लेकिन इनमें से केवल पिछड़ी जाति के 6, अनुसूचित जाति एक, अनुसूचित जनजाति के एक यानी 8 लोगों को ही लिया गया है । इसके अला वा अन्य लोगों में पिछड़ी जाति के 27, अनुसूचित जाति के 13 और अनुसूचित जनजाति के 8, जो जनरल कैटेगरी में आए थे, उनके रिजर्व कैटेगरी में रख दिया गया है तथा इनमें से आजतक पिछड़ी जाति के 10 और अनुसूचित जाति के 2 लोगों को नियुक्ति नहीं दी गई है । पिछड़ी जाति एसोसिएशन और एससीएसटी एसोसिएशन के प्रतिनिधियों ने अनुरोध किया है कि इस बात को सदन में उठाया जाए । मैं सरकार से मांग करना चाहता हूं कि जिन लोगों को नियुक्तियां नहीं दी गई हैं, उनको नियुक्तियां दी जाए और इसके साथ ही जो पिछड़ी जाति, अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के लोग जनरल मैरिट में आए हैं, उनको जनरल कैटेगरी में ही नौकरी दी जाए ।